प्रो0 अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2022/ 6222 दिनांकः 27 सितम्बर, 2022

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/समस्त छात्र
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2021–22 के विषम एवं सम सेमेस्टर की अतिरिक्त कैरी ओवर परीक्षा के परीक्षा फार्म भरे जाने की तिथि विस्तारित करने तथा प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट विषयों की कैरी ओवर परीक्षायें और एम0टेक0, एम0फार्म0, एम0आर्क, एवं एम0यू0आर0पी0 पाठ्यक्रमों के कैरी ओवर विषयों के परीक्षा फार्म भरे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2022/6172 दिनांक 07 सितम्बर, 2022 एवं पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2022/6202 दिनांक 20 सितम्बर, 2022 के अनुसार शैक्षिक सत्र 2021–22 के विषम एवं सम सेमेस्टर की अतिरिक्त कैरी ओवर परीक्षा **दिनांक 07 अक्टूबर, 2022 से आफ–लाइन मोड** में प्रदेश में स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित कराया जाना निर्धारित है।

उपरोक्त के सन्दर्भ में यह भी सूचित करना है कि ऐसे छात्र/छात्रायें जो विश्वविद्यालय के आर्डिनेन्स में निर्धारित समय–सीमा के अन्तर्गत आते है, परन्तु किन्ही कारणवश प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट विषयों में अनुपस्थित रहे है, तथा साथ ही साथ सक्षम स्तर पर लिए गए निर्णयानुसार एम0टेक0, एम0फार्म0, एम0आर्क, एवं एम0यू0आर0पी0 पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत ऐसे छात्र/छात्रायें, जिनका किन्ही कारणवश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर में किसी भी विषय में कैरी ओवर है, का परीक्षा फार्म निम्नानुसार निर्धारित तिथि तक भरवाना सुनिश्चित करें। प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट विषयों की अतिरिक्त कैरी ओवर परीक्षा **माह नवम्बर, 2022** में सम्पन्न कराई जायेगी।

उक्त के क्रम में अवगत करना है कि अतिरिक्त कैरी ओवर परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म ई0आर0पी0 लॉगिन के माध्यम से दिनांक 20 सितम्बर, 2022 से दिनांक 28 सितम्बर, 2022 तक भरे जाने के सूचना दी गयी है, जिसके क्रम में छात्र/छात्राओं एवं संस्थानों द्वारा किये गये अनुरोध पर छात्रहित में सक्षम स्तर द्वारा लिये गये निर्णयानुसार **परीक्षा फार्म भरे जाने की तिथि 04 अक्टूबर, 2022 तक विस्तारित की जाती है।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए अपने संस्थान के छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म भरवाते हुए, आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें। साथ ही साथ यह भी सूचित करना है कि आगामी दीक्षांत समारोह एवं आगामी सत्र के पठन–पाठन के दृष्टिगत तिथि विस्तारित किया जाना सम्भव नहीं होगा।

भवदीय
Anurag Tripathi 27/09/22
(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक